प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

31 दिसंबर 2020

बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन - नवंबर 2020

बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन पर चयनित 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से नवंबर 2020 माह के एकत्र आंकड़े जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल गैर-खाद्य ऋण में लगभग 90 प्रतिशत का हिस्सा रखते हैं, विवरण-। और विवरण-।। में दिए गए हैं।

बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन के आंकड़ों के मुख्य अंश निम्नानुसार हैं :

- वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) आधार पर, गैर-खाद्य बैंक ऋण वृद्धि नवंबर 2020 में 6.0 प्रतिशत पर बनी रही जो नवंबर 2019 में 7.2 प्रतिशत थी।
- गिरावट को पीछे छोड़ते हुए, कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों के ऋण में नवंबर 2019 की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में नवंबर 2020 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- उद्योग के लिए ऋण में नवंबर 2019 की 2.4 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में नवंबर 2020 मे 0.7 प्रतिशत की कमी हुई इसके पीछे मुख्य कारण नवंबर 2020 में 1.8 प्रतिशत से बड़ें उद्योगों के ऋण में हुई कमी थी (एक वर्ष पहले 3.0 प्रतिशत वृद्धि), हालांकि मध्यम उद्योगों के ऋण में एक वर्ष पहले की 2.4 प्रतिशत की कमी की तुलना में नवंबर 2020 में 20.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई ।
- उद्योग के भीतर, खाद्य प्रसंस्करण', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन', 'चमड़ा और चमड़ा उत्पाद', 'पेपर और पेपर उत्पादों' 'खनन और उत्खनन', 'कांच और कांच की वस्तुएं', 'कपड़ा','पेय पदार्थ और तंबाकु', और 'यातायात के साधन, वाहन के पुर्जे एवं परिवहन उपकरण' के ऋण में नवंबर 2020 में पिछले वर्ष के इसी महीने की वृद्धि की तुलना में त्वरित वृद्धि दर्ज की गयी । हालांकि, 'रबर प्लास्टिक और उनके उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों','सभी इंजीनियरिंग', 'रत्न और आभूषण', 'बुनियादी ढाँचा', 'मूल धातु और धातु उत्पादों' और 'निर्माण' की ऋण वृद्धि में संकुचन/कमी हुई।
- सेवा क्षेत्र में नवंबर 2019 में 4.8 प्रतिशत की ऋण वृद्धि की तुलना में नवंबर 2020 में 8.8 प्रतिशत की ऋण वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र के भीतर 'ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों' और ' व्यापार' के लिए ऋण वृद्धि में तेजी के कारण है।
- वैयक्तिक ऋणों ने नवंबर 2019 में 16.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, नवंबर 2020 में 10.00 प्रतिशत की व़ृद्धि दर्ज हुई। इस क्षेत्र के भीतर, वाहन ऋणों ने नवंबर 2019 में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि के सामने नवंबर 2020 में 10.0 प्रतिशत की त्वरित वृद्धि दर्ज करते हुए अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/865